राजस्थान पत्रिका

साइकिल दिवस का आयोजन किया गया।

निदेशालय के निदेशक डॉक्टर पीके राय ने इस अवसर पर स्वस्थ जीवन में साइकिल के महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में पाई जाने वाली साइकिल की मानव जीवन में उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व साइकिल दिवस मानाने की शुरुआत की गई थी। साइकिल चलाने से शरीर के साथ-साथ पर्यावरण भी स्वस्थ रहता है। साइकिल से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि साइकिल चलाने से वजन नियंत्रित रहता है, जोड़ों की गतिशीलता बानी रहती है, हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं और चित्त प्रसन्न रहता है। डॉ. राय ने साइकिल के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए सभी से साइकिल का नियमित प्रयोग करने की अपील की। विश्व साइकिल दिवस को मानाने के लिए संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने साईकिल रैली में हिस्सा लिया। इस अवसर पर साईकिल मैन ऑफ इंडियन एग्रीकल्चर कहे जाने वाले नीरज कुमार प्रजापती ने जैविक और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए निदेशालय के वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत यादव ने किया।

इसी प्रकार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व शांति भवन की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा देश मेरी शान अनदेखा भारत साइकिल यात्रा का कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी के शिपिंग एवियशन एवं टूरिजम प्रभाग की ओर से आयोजित किया गया। साइकिल यात्रा का शुभारंभ विश्व शांति भवन से किया जो म्यूजियम पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन अधिकारी विशाल माथुर थे जबकि अध्यक्षता जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने की। इस मौके पर रैली को रघुराज सिंह तथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पर्यटन अधिकारी विशाल माथुर ने अनदेखा भारत साइकिल रैली पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि साइकिल से यात्रा करना हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक है। इस मौके पर जुगल किशोर सैनी, ओमवीर, रनवीर, ओमप्रकाश, जयसिंह, दम्मो, लोकेश, तरुण, प्रवीणा, योगिता, पावन, जागृति आदि मौजूद थे।

इसी क्रम में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने प्राचार्य लक्ष्मण कुमार लक्षकार के निर्देशन में साइकिल रैली का आयोजन किया। कार्यवाहक प्राचार्य हेमसिंह ने बताया कि रैली विद्यालय के मैन गेट से शुरू होकर जवाहर बुर्ज एव संग्रहालय पहुंची। इस दौरान साइकिल से होने वाले स्वास्थ्य लाभों का संदेश दिया गया। इस मौके पर कैलाश चंद शर्मा और कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे।

भरतपुर . विश्व साइकिल दिवस पर साइकिलिंग करते केन्द्रीय विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक।

भरतपुर. साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

बताया कि इसके तहत सबसे पहले बीसीसी राइडर ने सुबह सांकेतिक साइकिल रैली के माध्यम से पूरे शहर का भ्रमण किया। इसके बाद विश्वप्रिय शास्त्री पार्क के गेट पर जन जागरण कार्यक्रम शुरू किया। इस दौरान पार्क में घूमने आने वाले लोगों को पर्चे बांट साइकिल से होने वाले लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यातायात प्रभारी रामचरण मीणा ने की। संचालन पार्षद पंकज गोयल ने किया। इस मौके पर मनीष गर्ग, जीवन जैन, राहुल कंसल, सुमित अग्रवाल, चेतन गोयल, गौरव जिंदल, मिहिर सिंघल, राजेंद्र गर्ग, अनूप मंगल, मुकेश गुप्ता और गौरव गोयल मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner